भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1035**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

# ओलंपिक खेल, 2036

**1035. श्रीमती डी. के. अरुणा :**
**श्री इटेला राजेंदर :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत की 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए इसकी प्रगति और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या भारत ने पहले कभी भी ओलम्पिक की मेजबानी नहीं की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा अपनी सीमाओं के भीतर और बाहर सर्वसम्मति बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग) : भारत ने ओलंपिक खेलों की मेजबानी कभी नहीं की है। ओलंपिक के लिए मेजबानी के अधिकार का आवंटन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में विस्तृत मेजबान चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। आईओसी में एक समर्पित निकाय, फ्यूचर होस्ट कमीशन (एफएचसी) है, जो इस मामले को देखता है । इच्छुक राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को ओलंपिक खेलों के एक विशिष्ट संस्करण के लिए मेजबानी के अधिकार प्राप्त करने के लिए एफएचसी के साथ वार्ता शुरू करने की आवश्यकता होती है। भारत के लिए एनओसी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने एफएचसी के साथ संवाद प्रक्रिया शुरू कर दी है।

आईओए ने 2036 में ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से भारत की रुचि व्यक्त करते हुए पहले ही 01.10.2024 को आशय पत्र जारी कर दिया है।

****